RAF SECTOR NEWS CLIP

10/04/2021

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

United Bharat ,Prayagraj (U.P)

आरएएफ केन्द्र शांतिपुरम में मनाया गया शौर्य दिवस

फाफामऊः प्रयागराज। गंगा जमुनी तहजीब के प्रहरी १०१ आर०ए०एफ० शांतिपुरम में शुक्रवार को शौय दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। बताते चले आज के ही दिन १९६५ को पश्चिमी भारत–पाक सीमान्त पर सरदार एवं टाक पोस्ट में तैनात केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के एक छोटी सी बहादुर टुकड़ी द्वारा पाकिस्तान आर्मी के ३५०० सेनाओं वाली एक विशाल ब्रिगेड को खदेड़ देने वाली घटना सैनिक युद्ध के इतिहास में अद्वितीय मिशाल है। यह गाथा बहादुरी, कर्तब्य परायणता और मातृ भूमि की रक्षा के लिए सीधे मौत से भिड़ जाने के०रि०पु०बल का गौरवमयी इतिहास है। इसी के यादगार में ९ अप्रैल को शौर्य दिवस के रूप में मनाय जाता है। वाहिनी के कमाण्डेंट आर०के० निगम ने परम्परागत रूप से क्वार्टर गार्ड में सलामी ली। इस अवसर पर उन्होने ने वाहिनी के जवानों व अधिकारियों को उनकी कर्तब्य परायणता कें लिए प्रेरित किया और बल के गौरवशाली परम्परा को बनाये रखने का संकल्प दिलाया। साथ ही वाहिनी मे तैनात वीरता के लिए मेडल प्राप्त कर्मियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर वरूणेन्द्र प्रताप सिंह सहायक कमाण्डेंट ने शहीद वरूण कुमार तिवारी निवासी ग्राम लोना खरका होलागढ़ प्रयागराज के परिवारजनों को मुलाकात की और उन्हे वाहिनी की तरफ से उपहार भेट किये, तथा शहीद जवानों को याद में बच्चों को चॉकलेट का वितरण किया। इस मौके पर डॉ० के०के० सिंह मुख्य चिकित्साधिकारी, नरेन्द्र कुमार द्वितीय कमान अधिकारी, मुकेश पाण्डेय उप कमाण्डेंट, प्रदीप कुमार पाठक उप कमाण्डेंट तथा अन्य अधिकारीगण, अधिनस्थ जवान उपस्थित रहें।

Prabhat khabar, Jamshedpur (JKD)

शौर्य दिवस 1965 के शहीद सीआरपीएफ जवानों को किया याद

रैफ जवानों ने निकाली वीरता दौड़

- चित्रांकन प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखायी प्रतिभा, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

लाइफ रिपोर्टर@जमशेदपुर

सुंदरनगर स्थित 106 बटालियन आरएएफ (रैपिड एक्शन फोर्स) की ओर से शुक्रवार को सौर्य दिवस मनाया गया. इसकी शुरुआत सुबह छह बजे सुंदरनगर स्थित कैंप एरिया से वीरता दौड़ के साथ हुई. मुख्य अतिथि 106 बटालियन आरएएफ के कमांडेंट प्रमोद कुमार सिंह, उप कमांडेंट अनुज कुमार सिन्हा, राकेश कुमार व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों व जवानों ने इसमें हिस्सा लिया. कमांडेंट प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि 9 अप्रैल 1965 को गुजरात में कच्छ के रन में सीआरपीएफ की एक छोटी टुकड़ी ने सरदार पोस्ट पर बहादुरी से लड़ते हुए पाकिस्तानी ब्रिगेड के हमले को नाकाम कर दिया था. सीआरपीएफ के जवानों ने पाकिस्तान के 34 सैनिकों को मार गिराया था, जबकि चार को जीवित पकड़ा गया था. इस युद्ध में सीआरपीएफ के छह जवानों को वीरगति प्राप्त हुई थी. इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ था, जब एक छोटी टुकड़ी ने दुश्मन सेना की ब्रिगेड को करारी शिकस्त दी थी. उन वीर जवानों की याद में प्रति वर्ष शौर्य दिवस मनाया जाता है. कमांडेंट ने क्वाटर गार्ड पर सलामी दी गयी. वीर जवानों की याद में दो मिनट मौन रखा गया.

सीआरपीएफ के इतिहास पर दिखायी गयी फिल्म : शौर्य दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के तहत सीआरपीएफ गीत गाया गया. साथ ही सीआरपीएफ के इतिहास पर प्रकाश डालती एक 10 मिनट की फिल्म भी दिखायी गयी. कार्यक्रम के दूसरे चरण में वीरता की थीम पर चित्रांकन प्रतियोगिता आयोजित हुई. जिसमें केंद्रीय विद्यालय जमशेदपुर के बच्चों ने हिस्सा लिया. केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों तथा महिला कार्मिकों ने वीरता थीम पर मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी. देशभक्ति गीतों पर नृत्य ने सभी का मन मोह लिया.

Dainik Bhaskar, Jamshedpur (JKD)

समारोह...106 बटालियन रैफ कैंप में शौर्य दिवस का आयोजन

शौर्य दिवस पर जवानों ने वीरता दौड़ में लिया हिस्सा

वीरता दौड़ में हिस्सा लेते रैपिड एक्शन फोर्स के जवान और सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य करतीं कलाकार।

जमशेदपुर | सुंदरनगर स्थित रैफ (रैपिड एक्शन फोर्स) की 106 बटालियन के परेड ग्राउंड में शुक्रवार को शौर्य दिवस समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में कमांडेंट प्रमोद कुमार सिंह बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। सुबह सुंदरनगर और कैंप एरिया में वीरता दौड़ का आयोजन किया गया। इसके बाद वीर जवानों की याद में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कमांडेंट ने आज के दिन का महत्व बताते हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की शौर्य गाथा की कहानियों को बताया। इसके बाद फिल्म का प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर वीरता थीम पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें केंद्रीय विद्यालय के छात्रों ने भाग लिया। शाम को महिला कर्मियों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम में, देशभक्ति गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में डिप्टी कमांडेंट अनुज कुमार सिन्हा व राकेश कुमार भी मौजूद थे।

Photos of Deployment/Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।